1-Kannada actor Puneeth Rajkumar passed away in Bengaluru. He was 46.

कन्नड़ अभिनेता पुनीत राजकुमार का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह **46** वर्ष के थे।

2-One of the most awaited business events in South-Asia region, the India International Trade Fair (IITF) is back again at Pragati Maidan, New Delhi from November 14 to 27, 2021.

दक्षिण एशिया क्षेत्र में सबसे प्रतीक्षित व्यावसायिक आयोजनों में से एक, भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) **14** नवंबर से **27** नवंबर, **2021** तक फिर से नई दिल्ली के प्रगति मैदान में ही आयोजित होने जा रहा है।

3-The Indian Naval Placement Agency (INPA) and Optum, part of the United Health Group, signed an MoU, through which the two entities will explore opportunities for the recruitment of naval veterans.

भारतीय नौसेना की प्लेसमेंट एजेंसी (आईएनपीए) और युनाइटेड हेल्थ ग्रुप की सहायक कंपनी ऑप्टम ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसके माध्यम से दोनों संस्थाओं द्वारा नौसेना के सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए रोजगार के नए अवसर तलाशे जायेंगे।

4-India-Israel Joint Working Group (JWG) on Bilateral Defence Cooperation has agreed to form a Task Force to formulate a comprehensive Ten-Year Roadmap to identify new areas of cooperation.

द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर भारत-इजराइल संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) ने साथ मिलकर काम करने के नए क्षेत्रों की पहचान हेतु व्यापक दस वर्षीय रोडमैप तैयार करने के लिए एक टास्क फोर्स बनाने पर सहमति व्यक्त की है।

5-Defence Research and Development Organisation (DRDO) and Indian Air Force (IAF) team jointly flight tested indigenously developed Long-Range Bomb (LRB) successfully from an aerial platform.

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की टीम ने संयुक्त रूप से एक एरियल प्लेटफॉर्म से स्वदेशी रूप से विकसित लॉन्ग-रेंज बम (एलआरबी) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

6-Union Minister Dr Jitendra Singh launched India's First Manned Ocean Mission Samudrayan at Chennai.

केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चेन्नई से भारत के पहले मानव युक्त समुद्र मिशन 'समुद्रयान' का शुभारंभ किया।

7-The Ministry of Food Processing Industries, in association with the National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India (NAFED), launched the first 'One District, One Product' 'Dilli Bakes' in the bakery products category of the Pradhan Mantri Formalisation of Micro food processing Enterprises (PMFME) Scheme at Panchsheel Bhawan, New Delhi.

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के सहयोग से पंचशील भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज (पीएमएफएमई) योजना के बेकरी उत्पाद श्रेणी में पहला 'एक जिला, एक उत्पाद' ब्रांड 'दिल्ली बेक्स' पेश किया।

8-NITI Aayog released a comprehensive report titled Health Insurance for India's Missing Middle, which brings out the gaps in the health insurance coverage across the Indian population and offers solutions to address the situation.

नीति आयोग ने 'हेल्थ इंश्योरेंस फॉर इंडियाज मिसिंग मिडल' पर एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की, जो भारत की आबादी के बीच स्वास्थ्य बीमा कवरेज में अंतराल को सामने लाई है और जिसमें स्थिति का समाधान निकालने की पेशकश की गई है।

9-'Gati Shakti Express', India's First New 3 AC Economy coach special Train to connect National Captial (Anand Vihar Terminal) with Patna Jn.

भारत की पहली नई 3 एसी इकोनॉमी कोच वाली स्पेशल ट्रेन 'गति शक्ति एक्सप्रेस', राष्ट्रीय राजधानी (आनंद विहार टर्मिनल) से पटना जंक्शन तक चलेगी।

10-A team of Indian scientists and research students have developed a process for large-scale manufacturing of nano-materials (Silver nanowires) that can bring down the costs to less than one-tenth of the market price.

भारतीय वैज्ञानिकों और शोध छात्रों की एक टीम ने नैनो-सामग्री (सिल्वर नैनोवायर) के बड़े पैमाने पर निर्माण के लिए एक प्रक्रिया विकसित की है जो इसके लागत को बाजार मूल्य के दसवें हिस्से से भी कम कर सकती है।